नाला का निर्माण

"क" *249. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर में जल निकासी के लिए नालों की उचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण बरसात में शहर की स्थिति नारकीय हो जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर को जल जमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए $1\frac{1}{2}$ वर्ष पूर्व से 153 करोड़ की राशि का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (ड्रेनेज का डी0 पी0 आर0) विभाग में स्वीकृति हेतु लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त डी0 पी0 आर0 की प्रशासनिक स्वीकृति देकर दरभंगा शहर को जल-जमाव से मुक्ति दिलाने हेतु नालों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

"ख" *253. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधान-सभा क्षेत्र सुगौली (जिला पूर्वी चम्पारण) अन्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय, सुगौली के परिसर में वित्तीय वर्ष (2001-02) में पेय जलापूर्ति हेतु बोरिंग चापाकल की स्थापना की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि जलमीनार (पानी टंकी) एवं पाईप लाईन इत्यादि के अभाव से पेय जलापूर्ति सम्भव नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलमीनार तथा पाईप लाईन का निर्माण कराने की दिशा में कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*758. डा0 इजहार अहमद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि हार्टिकल्चर मिशन के तहत कृषि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2006-07, 2007-08, 2008-09 एवं 2009-10 में प्रतिवर्ष दो-दो करोड़ की दर से कुल 8 करोड़ रुपये कृषि उद्यान, प्रमंडल दरभंगा को आवंटित किया गया परन्तु चारों वर्षों के लिए स्वीकृत एक भी योजना का कार्य बिना कराये राशि की निकासी कर ली गयी है, यदि हां, तो इसकी जांच कराकर सरकार दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

----------

योजना पूर्ण कराना

*759. श्रीमती आशा देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नगर विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2006-07 में दानापुर निजामत नगर परिषद् की जलापूर्ति हेतु रु0 7,12,78,379 का आवंटन किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का तीन वर्ष बीत जाने के उपरान्त भी कार्य आधा-अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

"क" दिनांक 3 मार्च, 2011 को सदन द्वारा स्थगित।

"ख" दिनांक 3 मार्च, 2011 को सदन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानांतरित ।

फसल की क्षतिपूर्ति

*760. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड अन्तर्गत तारालाही गांव के 360 किसानों द्वारा की गयी पान की खेती इस वर्ष भीषण ठंढ एवं पाला के कारण बर्बाद हो गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 360 किसानों को फसल क्षतिपूर्ति का लाभ अभीतक नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांवों के किसानों को पान फसल की क्षतिपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मालगुजारी लेना

*761. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी कोशी तटबंध एवं पश्चिमी कोशी तटबंध के बीच अवस्थित जमीन में बालू भर जाने तथा कटाव हो जाने के कारण खेती नहीं हो पाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन पर खेती नहीं होने के बावजूद भी सरकार द्वारा मालगुजारी लिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खेती नहीं होने के बावजूद भी जमीन मालिकों से मालगुजारी लेने का क्या औचित्य है ?

----------

अतिक्रमण हटाना

*762. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के अन्तर्गत बिस्फी प्रखंड के चहुटा ग्राम में कमतौल से गढ़ौल बस्ती तक जाने वाली सड़क के दोनों तरफ सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमण हटाने हेतु वहां के आम जनता द्वारा जिलाधिकारी, मधुबनी को वर्ष 2009 में पत्र दिया गया है जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(3) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमण के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क से अतिक्रमण हटाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना को मूर्त रूप देना

*763. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला में दुग्ध उत्पादन के विकास के लिए सरकार के पास कौन-सी योजना है और उसे मूर्त रूप कबतक देने जा रही है ?

कर्मचारियों की कमी दूर करना

*764. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सभी प्रखण्डों में पंचायत राजस्व कर्मचारियों की कमी रहने के कारण आम जनता के राजस्व संबंधी कार्य ससमय नहीं हो पाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि एक राजस्व कर्मचारी को एक से ज्यादा पंचायतों का प्रभार दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायत राजस्व कर्मचारियों की कमी दूर करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण से मुक्ति

*765. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखण्ड अन्तर्गत मौजा बासोपट्टी के अन्तर्गत खाता नं०-38, खेसरा नं०-5464, रकवा $1\frac{1}{2}$ बीघा, सरकारी जमीन का विगत एक वर्ष से अतिक्रमण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिक्रमणकारी खेसरा नं०-5464 पर क्षतिग्रस्त हल्का कर्मचारी भवन का भी अतिक्रमण कर लिया है;

(3) क्या यह बात सही है कि हल्का कर्मचारी द्वारा अतिक्रमण की जानकारी अंचलाधिकारी को छः माह पूर्व प्रतिवेदन देने के बावजूद भी अतिक्रमण मुक्ति की कार्रवाई अंचलाधिकारी स्तर से नहीं होने पर अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*766. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा विधान-सभा क्षेत्र के बालूपर की गली, पथ संख्या-20 की हालत जर्जर है तथा बरसात के दिनों में इस पथ पर आवाजाही अवरूद्ध हो जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

खतियान एवं नक्शा उपलब्ध कराना

*767. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियां अंचल के ग्राम दादर थाना नं०-524 का चकबंदी कर वर्ष 1990 में किसानों को चकप्लाटों का अधिकार दे दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक खतियान एवं नक्शा अंचल कार्यालय एवं राजस्व कर्मचारी के यहां उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण जमीन की खरीद-बिक्री एवं अमानत बन्द है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त मोहनियां अंचल में खतियान एवं नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

----------

पेयजल संकट दूर करना

*768. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभिंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में इस वर्ष सुखाड़ के कारण जल स्तर नीचे चला गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के सभी चापाकलों से पानी आना कम हो गया है, जिससे जिला में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार समस्तीपुर जिला में पेयजल संकट दूर करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

आपूर्ति करना

*769. श्री जितेन्द्र कुमार राय--दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 12 जनवरी, 2011 के अंक में छपी खबर के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009-10 में सारण जिलों में 7 सौ पंपिंग सेट अनुदानित दर पर किसानों को दिये गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त वितरण में भारी गड़बड़ी करते हुए डीजल चालित उच्च गुणवत्ता वाले मशीनों की जगह किरासन तेल चालित पंपिंग सेटों की आपूर्ति की गई है जो चाईनीज है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वितरण में हुई गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुए किसानों को खराब पंपिंग सेट के बदले अच्छे सेटों की आपूर्ति करने का विचार रखती है ?

----------

पशुओं का बचाव

*770. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के पशुपालकों को पशुओं में खुरहा रोग होने से काफी आर्थिक क्षति उठानी पर रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रत्येक वर्ष इस रोग से हजारों मवेशी आक्रान्त होते हैं लेकिन इसका समुचित इलाज एवं टीकाकरण नहीं होने से उनकी मृत्यु हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस रोग से पशुओं का बचाव करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*771. श्री जितेन्द्र कुमार, (171)--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावां शहर में मेन रोड के किनारे नाला नहीं रहने की वजह से हर समय सड़क पर प्रदुषित जल जमा रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रदूषित जल से आम नागरिक को सड़क पर चलने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के किनारे नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

ऋण माफ करना

*772. श्री राम लषण राम ''रमण''--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के वर्ष 2010 में सुखाग्रस्त घोषित करने के बाद भी अबतक यहां के किसानों का कृषि ऋण माफ नहीं किया गया है, यदि हां, तो सरकार कबतक कृषि ऋण माफ करना चाहती है ?

---------

नाला का निर्माण

*773. श्रीमती पुनम देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दीघा क्षेत्र ग्राम शिवाजी नगर मखदुमपुर शिवम क्लासेज के समीप उत्तर दिशा में बसे 100 घरों के आवासियों को गंदे जल की निकासी हेतु भू-गर्भ नाला का निर्माण आजतक नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि भू-गर्भ नाला के निर्माण नहीं होने से 1200 जनसंख्या के आवासियों को मजबूरन गंदे जल के निकासी का दूसरा कोई विकल्प नहीं रहने के कारण अपने घरों में गड्ढे बनाकर गंदे पानी को गिराना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मुहल्ले के नागरिकों की कठिनाइयों को देखते हुए गंदे जल की निकासी हेतु भू-गर्भ नाला का निर्माण करने का विचार रखती है ?

---------

प्रखंड मुख्यालय को जोड़ना

*774. श्री जनार्दन मांझी-क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बौसी प्रखंड के कुड़रो के ऊपर नीमा गांव उपेक्षित, दलित अतिपिछड़ा प्रधान गांव है जहां से बौसी प्रखंड की दूरी 2 किलो मीटर जोड़नेवाली सम्पर्क पथ नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव की जनता को आपातकाल स्थिति में आवागमन एवं यातायात हेतु काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित गांवों को बौसी प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*775. श्रीमती पुनम देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दीघा क्षेत्र शिवाजी नगर ग्राम मखदुमपुर स्थित शिवम क्लासेज के समीप से उत्तर की दिशा में गुजरनेवाली रास्ता जिसकी चौड़ाई 10 फीट एवं लम्बाई 100 फीट है, बिल्कुल कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि रास्ता कच्ची रहने के कारण बरसात में काफी जल-जमाव होकर कीचड़ उत्पन्न होता है एवं रास्ता अवरुद्ध हो जाता है, जिसके कारण आम नागरिक एवं छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण करने का विचार रखती है ?

---------

योजना का निर्माण

*776. श्री सतीश चन्द्र दुबे--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज प्रखंड के नरकटियागंज नगर पंचायत की जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने हेतु वित्तीय वर्ष 1990-91 में जल टंकी मिनार योजना की स्वीकृति सरकार द्वारा दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि इस जल टंकी मिनार योजना हेतु लोहा पाईप, मशीन वगैरह जमीन (चयनित) पर 1992 में लाई गयी एवं आज भी लोहा पाईप निष्क्रिय अवस्था में यत्र-तत्र पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नरकटियागंज नगर पंचायत की जनता को शुद्ध जल मुहैया हेतु पूर्व से चयनित पानी टंकी, जल मिनार योजना के तहत निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थानांतरण करना

*777. श्री अनिरूद्ध प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बन्दोबस्त कार्यालय भागलपुर के अन्तर्गत कार्यरत तृतीय श्रेणी के कुल 41 कर्मचारियों में से 20 कर्मचारी पन्द्रह वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के प्रावधान के अनुसार कोई भी सरकारी कर्मचारी एक ही स्थान पर तीन साल से ज्यादा पदस्थापित नहीं रह सकता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय में 15 वर्षों से पदस्थापित कर्मी का स्थानान्तरण अन्यत्र करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नगर पंचायत का दर्जा देना

*778. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज अनुमंडल पालीगंज विगत 10 वर्षों से कार्यरत है परन्तु आजतक पालीगंज को नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिला है, यदि हां, तो पालीगंज को सरकार कबतक नगर पंचायत का दर्जा देने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल गाड़ना

*779. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, पटना के पत्रांक 856, दिनांक 21 फरवरी, 2008 द्वारा आदेश निर्गत किया गया था कि माननीय विधायकों की अनुशंसा पर वित्तीय वर्ष 2007-08 में नगर पंचायतों के प्रत्येक वार्ड में दो-दो चापाकल गाड़ा जायेगा, परन्तु प्रश्नकर्त्ता द्वारा पत्रांक 260/08, दिनांक 30 अप्रील, 2008 द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत नगर पंचायत, शाहपुर के प्रत्येक वार्ड में दो-दो चापाकल गाड़ने की अनुशंसा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, शाहपुर को भेजने एवं पुन: पत्रांक 358/08, दिनांक 18 अक्टूबर, 2008 द्वारा स्मारित कराने के बावजूद आजतक चापाकल नहीं गाड़ा गया है, यदि हां, तो आजतक चापाकल न गाड़ने का क्या औचित्य है ?

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*780. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर केवटी, जाले एवं बिरौल प्रखंडों में रोड मैप पर आधारित निजी क्षेत्र में मत्स्य बीज वितरण मद से मत्स्य हेचरी का संचालन विभाग द्वारा विगत दो वर्षों से किया जा रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा तथा 20 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा देकर बीज वितरण का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला मत्स्य पदाधिकारी, दरभंगा द्वारा जिला के सभी प्रखण्डों में मत्स्य पालकों को किसी प्रकार का अनुदान नहीं दिया गया है तथा इस मद में 50 लाख राशि की निकासी विगत दो वर्षों में कर ली गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच करवाकर दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

भवन बनाना

*781. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के बरही गाँव में मवेशी अस्पताल के लिए 18 कट्ठा जमीन विगत 20 वर्षों से उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जगह पर मवेशी अस्पताल 2000 तक चलता रहा है एवं 2000 के बाद भवन गिरने के बाद अस्पताल बंद हो गया और पशुपालक को भाड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मवेशी अस्पताल की जमीन पर भवन बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चकबन्दी सर्वे कराना

*782. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 1956-57 में चकबंदी सर्वे मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुरौल अंचल से प्रारंभ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चकबंदी सर्वे में मुरौल अंचल का ग्राम-मीरापुर एवं मुरौल सकरा अंचल का ग्राम-बधनगरी तथा बंदरा अंचल का रामपुरदयाल और तेपरी ग्राम छुट गया जिसके कारण इन ग्रामों का खतियान और नक्शा पास नहीं हो सका;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चकबन्दी सर्वे कराकर उक्त ग्रामों का खतियान एवं नक्शा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य आरंभ कराना

*783. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के पोस्टल पार्क से दक्षिण राम विलास चौक से संजय नगर होते हुए न्यू वाईपास सड़क तक सड़क एवं भू-गर्भ नाला का निर्माण योजना 3 वर्षों से लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा द्वारा मुख्य मंत्री को दिये गये आवेदन सं० 2805700095, दिनांक 28 मई, 2007 को नगर विकास जन शिकायत नगर विकास एवं आवास विभाग ने अपने पत्रांक 2651, दिनांक 8 जून, 2007 द्वारा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम से प्रतिवेदन मांगा था;

(3) क्या यह बात सही है कि आयुक्त, पटना नगर निगम अपने पत्रांक 422, दिनांक 4 अप्रील, 2008 से यह प्रतिवेदन भेजा है कि उपर्युक्त कार्य प्रगति पर है तथा इसके लिए निविदा निकाली जा चुकी है लेकिन कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्य आरम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*784. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नावादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखंड के पशु चिकित्सालय, भड़वा तथा एरुरी में चिकित्सक पदस्थापित नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पशु चिकित्सालय, भड़वा तथा एरुरी में पशु चिकित्सक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अधूरे भवन का निर्माण

*785. श्री उमाकान्त यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड मुख्यालय बाबूबरही में 15 वर्ष पूर्व अनाज के रख-रखाव हेतु गोदाम बनाना शुरू हुआ जो आजतक सिर्फ दीवाल ही तैयार कर छोड़ दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के ऊपर सेड नहीं लगने के कारण प्रखंड मुख्यालय में खाद्यान्न रखने में भारी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरा भवन को कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन पर दखल कब्जा

*786. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला में मैसकौर प्रखंड के मुरगरवा गांव में भूमिहीनों को सरकार 10 एकड़ जमीन देने की घोषणा तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा आई०टी०आई० मैदान नवादा में वर्ष 1992 में की थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित गांवों में विभाग द्वारा भूमिहीनों को पर्चा भी वर्ष 1993 में उपलब्ध कराया गया था, परन्तु अबतक दखल कब्जा नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमिहीनों को जमीन के पर्चा के साथ वितरीत जमीन पर दखल कब्जा कराने का मंशा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वितरण नहीं करने का औचित्य

* 787. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रीगा एवं बेलसंड प्रखंड को वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में आयी बाढ़ से किसानों की फसल की हुई क्षति हेतु फसल क्षतिपूर्ति राशि दी गयी है, जबकि रून्नीसैदपुर प्रखंड के किसानों को फसल क्षतिपूर्ति की राशि उक्त वित्तीय वर्ष की नहीं दी गयी है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 के लिए फसल क्षतिपूर्ति की राशि रून्नीसैदपुर प्रखंड के किसानों के बीच वितरण नहीं करने का क्या औचित्य है?

--------

पुनर्वास करना

* 788. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी प्रखण्ड के मरारीचक, कमलापुर, वैद्यनाथपुर, महेशपुर, कांटा कोस, मिर्जापुर, अमीरावाद, मेदनीपुर,मोनागाछी, लक्ष्मीपुर, डमरिया, बनियाटीकर, बाबरबन्नी, कुसहा तथा अमदाबाद प्रखण्ड के डकरा, डकरा इलिश, दिल्ली, दिवानगंज, लखनपुर, भगवानपुर गांव के हजारों कटाव पीड़ित पुनर्वास की व्यवस्था के अभाव में विगत बीस वर्षों से सड़कों, बांधों पर घर बनाकर नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं तथा सरकार द्वारा देय मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

--------

नाला की सफाई

* 789. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि न्यू पुनाईचक, पटना स्थित राजपत्रित आवास संख्या 38/84 एवं 44/84 तथा 25/84 एवं 32/84 के बीच आवास से पानी की निकासी हेतु कच्चा नाला तीस वर्ष पूर्व बनाया गया था, जिसे कपड़ा, कूड़ा-कर्कट के भर देने के फलस्वरूप पानी की निकासी में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नाला की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्रवाई करना

* 790. श्री सुरेश चंचल--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत अंचल चौंगाई द्वारा निर्गत अभिधारी खाता पुस्तिका एवं जमाबंदी में नाम सुधार/दाखिल खारिज से संबंधित प्राप्त आवेदनों का सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर निष्पादित नहीं होने के कारण 100 से अभिक मामले अंचल कार्यालय में लंबित हो गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचल कार्यालय में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन सही समय पर नहीं होने के कारण राजस्व की वसूली प्रभावित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अंचल में लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के अन्दर नहीं करने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी को चिह्नित कर शीघ्र कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

सम्पर्क पथ से जोड़ना

* 791. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार प्रखंड के दलन पूरब पंचायत स्थित सिरसा गांव का डाकवाड़ी टोला सम्पर्क पथ विहीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोला में महादलित परिवार निवास करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोला को सम्पर्क पथ से जोड़ने हेतु भूमि अधिग्रहण का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्रवाई करना

* 792. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप 2008--12 के तहत सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि राज्य में 3000 पशु चिकित्सकों की आवश्यक्ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 900 पशु चिकित्सकों का पद स्वीकृत है जिसमें से 729 कार्यरत हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घोषणा के अनुरूप पशु चिकित्सकों का पद वृद्धि करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

योजना पूर्ण कराना

* 793. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के अन्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के चहुटा ग्राम में वर्ष 2008 में ही पेय जलापूर्ति की योजना की स्वीकृति दी गयी थी परन्तु आजतक यह योजना अपूर्ण है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विलम्ब के लिए दोषी अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए योजना को पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

समिति का पुनर्गठन

* 794. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, 20-सूत्री एवं कार्यान्वयन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के पत्रांक 1496, दिनांक 15 जून, 2007 द्वारा राज्य के सभी जिलों में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है जिसकी अवधि तीन वर्षों की ही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र के आलोक में जिलों में कार्यरत समिति यथा उपाध्यक्ष एवं सदस्य तीन वर्षों से अधिक समय तक कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं जो सरकारी नियमानुसार सही नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के जिलों में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का पुनर्गठन कबतक करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों?

बन्दोबस्ती रद्द करना

* 795. श्री भाई वीरेन्द्र--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधानानुसार सूबे के भूमिहीन परिवारों को विस्थापित होने पर वासगीत जमीन की बंदोबस्ती की जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना अंचलान्तर्गत भू-बन्दोबस्ती अभिलेख सं० 01/2001-02 के टेंगरार ग्राम के श्री राजदेव यादव पे० उमरांव यादव को खेसरा सं० 4116 से 17 डिसमिल तथा उनके पुत्र श्री तेज नारायण यादव एवं राम उदगार यादव को खेसरा सं० 4116 में 8 डिसमिल एवं खेसरा सं० 4154 में 1½ डी० जमीन की बन्दोबस्ती की गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि श्री यादव के नाम खाता सं० 854, खेसरा सं० 4796,5709,4878,4879,5761 आदि में कुल 4 एकड़ से अधिक जमीन रहते हुए नियम विरुद्ध वासगीत पर्चा दी गयी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित लाभुकों के नाम गलत ढंग से की गयी वासगीत बन्दोबस्ती को रद्द करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

जन-वितरण प्रणाली की दूकान खोलना

* 796. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर दरभंगा जिला में जन-वितरण प्रणाली दूकानों की रिक्ति की सं० 600 है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार उक्त रिक्त जन-वितरण प्रणाली की दूकानों को खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

समुचित रख-रखाव करना

* 797. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सुहियां भागड़ एवं ओझवलिया ग्राम के सामने माधोपुर डेरा के बगल में अवस्थित भागड़ में वर्ष भर पानी रहता है तथा प्रत्येक वर्ष सरकारी प्रावधान के तहत मछली मारने हेतु नीलामी भी होती है, परन्तु रख-रखाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां मत्स्य उत्पादन खत्म होने पर है, यदि हां, तो उक्त भागड़ को अबतक समुचित रख-रखाव नहीं करने का क्या औचित्य है?

--------

मान्यता देना

* 798. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला नगर निगम की घोषणा हुये 4-5 साल हो गये हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला मुख्यालय में पूर्णरूपेण नगर निगम की मान्यता कबतक देने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

चापाकल की व्यवस्था

* 799. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत सिरदल्ला प्रखण्ड के परना डावर गाँव के महादलित टोलों में सरकारी चापाकल नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त महादलित परिवार वालों के हित में सरकारी नियमानुसार चापाकल की व्यवस्था कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों?

--------

जलापूर्त्ति योजना चालू करना

* 800. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के गम्हारी एवं सिधवलिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बुचेयां में स्थित जलापूर्ति योजना विगत दस वर्षों से बन्द पड़ा हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गम्हारी एवं बुचेयां के बन्द पड़े जलापूर्त्ति योजना को चालू कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

नियुक्ति करना

* 801. श्री उमा कान्त यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में पशु चिकित्सकों की 34000के विरुद्ध 1737 पद स्वीकृत है जिसमें 711 पर नियमित नियुक्ति एवं 404 अनुबंध पर नियुक्त 600 पद विगत पांच वर्षों से रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों के कमी रहने के कारण समय पर पशुओं को बीमारी से बचाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशु चिकित्सकों को कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

--------

पक्कीकरण कराना

* 802. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखण्ड के नवादा शहर के वार्ड नं॰ 2 के शकुन्तलम नगर मुहल्ला की गली का पक्कीकरण आजतक नहीं किया गया है जिससे मुहल्ला वासियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गली का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

खाद्यान दिलाना

*803. श्रीमती बीमा भारती— क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत रूपौली, भवानीपुर एवं बड़हारा कोठी प्रखंडों में बी०पी०एल० लाभार्थियों की संख्या 65671 है जिन्हें प्रत्येक माह खाद्यान नहीं मिलने से उनमें आक्रोश है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बी०पी०एल० लाभार्थी को खाद्यान प्रत्येक माह दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जल संकट दूर करना

*804. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1)क्या यह बात सही है कि ग्राम-इटवां प्रखंड मोहनपुर, ग्राम-डंगरा प्रखंड मोहनपुर, ग्राम-लखैपुर प्रखंड मोहनपुर, ग्राम-शिवगंज, ग्राम-सोथ, ग्राम-सरसा बाजार प्रखंड बाराचट्टी एवं ग्राम-चेरकी प्रखंड बोधगया (जिला-गया) आदि ग्रामों में जलस्तर नीचे चले जाने के कारण भीषण जल संकट उपस्थित हो गया है;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित गांवों में जलापूर्ति योजना की स्वीकृत देकर जल संकट दूर करना चाहती है?

----------

योजना की स्वीकृति

*805. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर नगर पंचायत अन्तर्गत जलापूर्ति योजनान्तर्गत पाईप लाईन विस्तार की योजना विभाग में विगत 2 वर्षों से विचाराधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि पाईप लाईन का विस्तार हेतु पी०एच०ई०डी० विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर विभाग में भेजा है जो 2 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन लंबित पड़ी योजना को स्वीकृति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों?

----------

रद्द करना

*806. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पी०आर०डी०ए० द्वारा निर्मित तथा आपत्ति सुझाव हेतु अधिसूचित पुनरीक्षित तृतीय प्रारुप महायोजना 2021, 333 वर्ग किलोमीटर का मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट प्लान है जो 47 लाख प्रोजेक्टेड आबादी पर निर्मित है;

(2) क्या यह बात सही है कि पी०आर०डी०ए० के विघटन के कारण मेट्रोपोलिटन प्लानिंग कमिटी के बदले संबंधित नगर निकायों द्वारा खंड (1) में उल्लिखित महायोजना 2021 का मोडिफिकेशन किया गया और उसे मेट्रोपोलिटन प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन के बदले नगर आयुक्त, पटना नगर निगम के पत्रांक 933, दिनांक 19 जून, 2008 द्वारा सरकारी स्वीकृति हेतु अग्रसारित किया गया, जिससे संविधान के अनुच्छेद 243 पी, 243 जेड ई तथा बिहार म्युनिसिपल ऐक्ट, 2007 की धारा 291 का उल्लंघन है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में उल्लिखित प्रारुप महायोजना 2021 का असंवैधानिक मोडिफिकेशन तथा असंवैधानिक अग्रसारण रद्द करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का जीर्णोद्धार

*807. डॉ० दाऊद अली—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव सेन्ट्रल नाला जो पश्चिम से पूर्व एवं उत्तर से दक्षिण की ओर बहता था, परन्तु बीस वर्षों से कुड़ा-कचरा के भरने से बहाव बंद हो गया, प्रदूषण फैल रहा है एवं जीर्ण-शीर्ण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नाला ही डुमरांव शहर के गंदे पानी का निकासी एक मात्र साधन है, जिसके जीर्ण-शीर्ण हालत से गंदगी एवं महामारी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त सेन्ट्रल नाला का जीर्णोद्धार कराकर जल निकासी कराने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

घेराबंदी कराना

*808. श्री जवाहर प्रसाद— क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम नगर में जिला का एक मात्र मवेशी अस्पताल है, जिसकी चहारदीवारी सन् 2000 से ध्वस्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चहारदीवारी के ध्वस्त हो जाने के कारण उक्त स्थल असुरक्षित हो गया है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ध्वस्त चहारदीवारी की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

पशु चारा बैंक को चालू कराना

*809. श्री अवधेश कुमार राय— क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघरा गौशाला में पशु चारा बैंक के लिए 2008 में ही 10 लाख की लागत से भवन का निर्माण कर लिया गया तथा 2009 अक्टूबर में 17 लाख की लागत से चारा ईंट निर्माण हेतु मशीन लगाया जा चुका है फिर भी अभीतक पशु चारा बैंक चालू नहीं हो पाया है, यदि हां, तो क्या सरकार पशु चारा बैंक को चालू करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवस्था करना

*810. श्री रणधीर कुमार सोनी— क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के प्रत्येक जिला में हर माह बी०पी०एल० योजनान्तर्गत गेहूं और चावल का उठाव होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के शेखपुरा जिला में माह जून, 2010 से फरवरी, 2011 तक बी०पी०एल० योजनान्तर्गत अबतक मात्र तीन बार गेहूं और चावल का उठाव हुआ है;

(3) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला में एफ०सी०आई० रैक प्वाईंट नहीं है;

(4) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला का आवंटन कभी जिला जमुई तो कभी जिला नालंदा एफ०सी०आई० से लेना पड़ता है, जिससे ससमय अनाज का उठाव नहीं हो पाता है;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला का ससमय आवंटन के लिए कौन-सी व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

लगान का निर्धारण

*811. श्री अख्तरुल ईमान— क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1986 में किशनगंज नगरपालिका क्षेत्र का सर्वे किया गया है तथा भू-स्वामियों को उसका खतियान भी उपलब्ध करा दी गई है, किन्तु लगान का निर्धारण नहीं होने के कारण लोग अब भी वर्ष 1904 के आम सर्वे में निर्धारित लगान के आधार पर ही लगान दे रहे हैं जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगरपालिका क्षेत्र किशनगंज में वर्ष 1986 के सर्वे के अनुसार लगान का निर्धारण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन बनाना

*812. श्री रामलषण राम "रमण"— क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड मुख्यालय में पशु चिकित्सालय भवन नहीं है, जिस कारण भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार कबतक पशु चिकित्सा भवन बनाना चाहती है ?

----------

कार्य को पूर्ण कराना

*813. श्री तारकिशोर प्रसाद— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2007-08 में नगर निगम कटिहार को विभाग ने 12वीं वित्त आयोग की राशि से 25 लाख 46 हजार 764 रुपये संग्राम चौक से कुली पाड़ा चौक तक सड़क का पक्कीकरण करने के लिए दिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य आजतक अधूरा है, जबकि राशि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरा कार्य को पूर्ण करने का इरादा रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की उपस्थिति

*814. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखंड स्थित पशु अस्पताल की स्थिति जर्जर है भवन क्षतिग्रस्त हो गया है और चिकित्सक भी समय पर नहीं आते हैं जिससे क्षेत्र के पशुपालकों में भयंकर आक्रोश है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पशु अस्पताल के भवन का निर्माण कराकर चिकित्सकों की उपस्थिति बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*815. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज अंचल में जबसे श्री मनोज कुमार वर्णवाल पदस्थापित हैं, तब से आजतक किसी गरीब को वासगीत पर्चा निर्गत नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भूमिहीनों को वासगीत पर्चा नहीं मिलने के कारण इन्दिरा आवास के लाभ से वे वंचित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

----------

पानी टंकी की सुविधा

*816. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के अन्तर्गत दिघवारा नगर पंचायत की जलापूर्ति हेतु पानी टंकी का प्रस्ताव विभाग में दस वर्षो लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिघवारा नगर पंचायत के अन्दर रहने वाले लोगों को पानी टंकी के अभाव में शुद्ध जल की किल्लत है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पानी टंकी की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कारगर कदम उठाना

*817. श्री विनोद नारायण झा--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक "दूर होगा पेयजल संकट" के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सूखे के कारण पेयजल की समस्या से निदान पाने हेतु नगर विकास विभाग द्वारा आपात योजनायें बनाने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत आमलोगों को पीने का पानी की किल्लत नहीं होगी;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में पेयजल की समस्या अतिगंभीर है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नगर निगम, नगर पर्षद एवं नगर पंचायत के लोगों को पीने का पानी की समस्या से उबारने हेतु कौन-कौन कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

----------

जमीन उपलब्ध कराना

*818. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में दलित जाति परिवार के गरीब लोगों को मकान बनाने हेतु 0.3 डी० जमीन देने का सरकारी प्रावधान किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार द्वारा वर्ष 2008-09 से अबतक रोहतास एवं कैमूर जिला में कितने दलित जाति परिवार के सदस्यों को 0.3 डी० जमीन उपलब्ध करायी गयी है;

कार्रवाई करना

*819. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चम्पारण एवं गोपालगंज जिला के दियारा क्षेत्र में अवस्थित गांवों की भूमि असर्वेक्षित है, जिसके स्वामित्व का कोई स्थाई अभिलेख नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार खास महाल मैनुअल के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार दियारा क्षेत्र का सत्यापन कराकर यह सुनिश्चित करना है कि कितनी भूमि नदी में विलीन हुई और कितनी भूमि नदी से बाहर (डेलुवियन एण्ड एलुवियन) हुई, जिसके आधार पर राजस्व मांग पंजी (खति औली) तैयार कर राजस्व वसूली करनी है;

(3) क्या यह बात सही है कि जमीन्दारी उन्मूलन के बाद असर्वेक्षित गांवों का आजतक सत्यापन नहीं हुआ है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति हुई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस संबंध में कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, और नहीं, तो क्यों ?

-----------

दखल कब्जा दिलाना

*820. डॉ० प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी, पटना द्वारा ग्राम भवानीटोला, थाना-मनेर, थाना नं० 6, जिला-पटना के अनुसूचित जाति के श्री कृष्णनन्दन पासवान एवं अन्य को भूहदबंदी केस नं० 1/1976-77 और 130/73-74 के माध्यम से खाता 1400 एवं प्लॉट 2079 में भूमि का पर्चा तथा जमाबंदी कायम कर राजस्व रसीद काटा गया;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुसूचित जाति एवं जन-जाति अधिनियम, 1989 के चैप्टर 2, धारा 3 (4) (5) का उल्लंघन करते हुए गैर-अनुसुचित जाति के लोगों को उसी खाता 1400 एवं प्लॉट 2079 का राजस्व रसीद दो वर्ष पूर्व निर्गत कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने तथा पर्चाधारी अनुसूचित जाति के गरीबों को दखल-कब्जा दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*821. श्री रामप्रवेश राय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (सरकारी अस्पताल) बरौली की पांच कट्ठा जमीन असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्त्ता, गोपालगंज के अपने पत्रांक 250, दिनांक 24 जनवरी, 2011 द्वारा इस अस्पताल की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने का स्पष्ट निर्देश देने के बावजूद अभीतक अंचल पदाधिकारी, बरौली द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस सरकारी अस्पताल की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने और विलम्ब के लिये जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*822. श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बी०एल०डी०ए० फ्रोजेन सिमेंन बैंक-सह-बुल स्टेशन, पटना में 2009 एवं 2010 में 20 करोड़ रुपये का क्रायोकेन की क्रय की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि क्रय किए गए क्रायोकेन में 50 (पच्चास) क्रायोकेन खराब है;

(3) क्या यह बात सही है कि क्रायोकेन की खरीद क्रय के निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वासगीत पर्चा देना

*823. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत बाढ़ से विस्थापित परिवारों का सर्वे जिला प्रशासन द्वारा 1972 से अभीतक नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ से विस्थापित परिवार रसीक घरारी तटबंध, श्यामलाल ट्रस्ट, बस स्टैण्ड एवं सड़क पर शरण लिये हुए हैं, जिनको अपनी भूमि नहीं होने के कारण इंदिरा आवास समेत अन्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ से वर्ष 1972 से 2010 तक विस्थापित परिवारों का सर्वे कराकर वासगीत का पर्चा देने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रोन्नति देना

*824. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 8 जुलाई, 2004 को सम्पन्न विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में बिहार पशुपालन सेवा के 128 सामान्य जाति तथा 16 अनुसूचित जाति/जन-जाति के पशु चिकित्सकों को कनीय प्रवर कोटि एवं 72 सामान्य जाति तथा 10 अनु० जाति/जन-जाति के पशु चिकित्सकों को वरीय प्रवर कोटि में प्रोन्नति दिये जाने का निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय अधिसूचना सं० 4642 एवं 4645, दिनांक 8 अक्टूबर, 2004 के द्वारा सामान्य जाति के उपरोक्त निर्णत 128 एवं 72 पशु चिकित्सकों को आजतक प्रोन्नति का लाभ दे दिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि अनु० जाति/जन-जाति के क्रमशः 16 एवं 10 पशु चिकित्सकों को आजतक प्रोन्नति का लाभ नहीं दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनु0जाति/जन-जाति के पशु चिकित्सकों को प्रोन्नति देना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

---------

चारा की व्यवस्था

*825. श्री रामायण मांझी-क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के दुधारू गाय-भैंस की प्रजनन क्षमता का निरंतर ह्रास हो रहा है और केवल सीवान जिला में वर्ष 2009-10 में दुधारू पशुओं की संख्या में 1.50 लाख की गिरावट आई है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में घट रहे चारागाहों एवं हरे घास की कमी के कारण दुधारू पशुओं में 20 से 25 प्रतिशत बांझपन की वृद्धि हुई है, जिससे 13000 हजार से 14500 लीटर कम दुध उपलब्ध हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त दुधारू पशुओं के लिए राज्य में चारागाहें एवं हरे चारा की व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

लाईट लगाना

*826. श्री अरुण कुमार सिन्हा-क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री समेकित शहरी विकास योजना के तहत वर्ष 2008-09 में पटना नगर निगम अन्तर्गत हनुमाननगर टेम्पू स्टैण्ड, मुन्ना चक मोड़ भुतनाथ रोड हनुमान मंदिर, मुसल्लहपुर हॉट, मछुआ टोली चौराहा, मलाही पकड़ी चौराहा, कॉटी फैक्ट्री मंदिर चौराहा, राजेन्द्र नगर में रामाअवतार शास्त्री चौराहा, दिनकर चौराहा, मैकडावैल चौराहा, प्रेमचन्द्र गोलम्बर चौराहा एवं कदमकुआं चौराहा के पास कुल 12 हाईमास्क लाईट लगाने की तकनीकी एवं प्रशासनिक सवैकृति देते हुए जिलाधिकारी, पटना द्वारा कुल चौरासी लाख रुपये से संबंधित स्वीकृत्यादेश दिनांक 30 अक्टूबर, 2008 को निर्गत करने के बावजूद आजतक ये लाईट नहीं लगाये गये हैं, यदि हां, तो क्या सरकार इन लाईटों को लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

जमीन उपलब्ध कराना

*827. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका में केन्द्रीय स्कूल की स्वीकृति 2005 में ही प्राप्त हुई और पठन-पाठन शुरू हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्रीय स्कूल के भवन निर्माण की राशि स्वीकृत रहने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जमीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नाली का निर्माण

*828. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नवादा प्रखण्ड के नवादा शहर के शिवनगर मुहल्ला स्थित पोस्टमार्टम रोड से शिव मंदिर तक की गली एवं नाली का पक्कीकरण नहीं हुआ है जिससे वहां के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गली एवं नाली का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्य को पूरा कराना

*829. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग में ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण हेतु 49 करोड़ 10 लाख रुपये की योजना का क्रियान्वयन वर्ष 2008 ई० तक पूरा करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय एजेन्सी एन०बी०सी०सी० को वर्ष 2006 ई० में दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) वर्णित कार्य को एन०बी०सी०सी० द्वारा मात्र सत्तर प्रतिशत ही पूरा किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*830. श्री मो० अफाक आलम-क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के जियनगंज में एक तालाब है जो विगत 20 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण रहने तथा उसमे गन्दा पानी रहने के कारण मत्स्य पालन नहीं किया जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त तालाब का जीर्णोद्धार कराकर मत्स्य पालन कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, अगर हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जल-जमाव समाप्त करना

*831. डॉ० अच्युतानन्द --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार नगर पंचायत अन्तर्गत देशराजपुर एवं चकेशो गांवों में ग्रामीण जनता पिछले तीन वर्षों से जल-जमाव रहने के कारण परेशान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जल-जमाव से परेशान उपरोक्त गांवों की जनता द्वारा 23 अप्रैल, 2009 को लोक सभा चुनाव का बहिष्कार भी किया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा मुख्य मंत्री जनता दरबार में शिकायत के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा वर्ष 2008 में तत्कालीन जिला अधिकारी, डॉ० प्रतिमा, डी०डी०सी० श्री राजेन्द्र प्रसाद को जल-जमाव को समाप्त कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिन्हें वे पुरा नहीं किये;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त गांवों के जल-जमाव को समाप्त करने का विचार रखती है?

-----

चयन करना

*832. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान-सभा क्षेत्र के पेयजल में आयरन रहने के कारण लोग चर्म रोग, कैंसर, गैस आदि रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि पेयजल में आयरन वाले क्षेत्रों में शुद्ध पेय जलापूर्ति हेतु सरकार द्वारा मल्टी भिलेजेज स्कीम वर्ष 2006 में प्रारंभ किया गया है परन्तु बिहपुर विधान-सभा क्षेत्र को उसमें चयनित नहीं किया गया हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिहपुर विधान-सभा क्षेत्र को मल्टीविलेजेज स्कीम के तहत चयनित नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक, उसका चयन करने का विचार रखती है?

------

कार्रवाई करना

*833. श्री जावेद इकबाल अंसारी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बाराहाट प्रखंड में प्रखंड, मुख्यालय ग्रामीण जलापूर्ति पाईपलाईन योजना वर्ष 2007 में ही पूरा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस योजना का कार्य पूर्ण होने के बावजूद भी इससे लाभान्वित ग्रामीणों को अबतक जलापूर्ति नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जलापूर्ति कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

कोल्ड स्टोरेज खोलना

*834. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रूनीसैदपुर में किसानों के भंडारण हेतु कोल्ड स्टोरेज नहीं रहने से काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रूनीसैदपूर में कोल्ड स्टोरेज खोलने का विचार रखती है यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

------

स्वीकृति प्रदान करना

*835. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत वेन प्रखंड मुख्यालय में अभीतक पशु चिकित्सालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के पशुओं की बिमारी की हालत में परवलपुर, इस्लामपुर ,नालन्दा या राजगीर के चिकित्सक से संपर्क कर ईलाज करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वेन प्रखण्ड मुख्यालय में पशु चिकित्सालय की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक?

------

शौचालय का निर्माण

*836. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी आंदर, दरौली प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में सामुदायिक शौचालय नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सेवा की महिला कर्मियों एवं रोगियों को काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार इन तीनों केन्द्रों के परिसर में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

------

पटना :
दिनांक 10 मार्च, 2010 (ई०)

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

वि०स०मु० (एल०ए०) 133-डी०टी०पी०-450